## सार-समाचार

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**रामगंजमंडी**, (निसं)। रामगंजमंडी पुलिस द्वारा अवैध हथियार के खिलाफ कार्यवाही कर एक देशी पिस्टल मय एक जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि रामगंजमंडी पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ कार्यवाही करते हुये एक देशी पिस्टल मय एक जिन्दा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण अरूण मच्या के सुपरविजन में एन. प्रवीण नायक आईपीएस सहायक पुलिस अधीक्षक वृत रामगंजमंडी के निर्देशन में पुलिस थाना रामगंजमंडी द्वारा अवैध हथियारों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। 4 अक्टूबर को नरेन्द्र सुन्दरीवाल उप निरीक्षक व कांस्टेबल हरेन्द्र, बुधराम द्वारा खैराबाद बाईपास पर अवैध हथियार के खिलाफ कार्यवाही करते हुये एक देशी पिस्टल मय एक जिन्दा कारतूस के साथ मुल्जिम आमिर खान पुत्र हबीब खान निवासी खैराबाद थाना रामगंजमंडी जिला कोटा के कब्जे से जप्त करने में सफलता प्राप्त की। गिरफतार आरोपी आमिर खान पर आपराधिक रिकार्ड में चार अन्य प्रकरण दर्ज पाए गए हैं।

### दशहरा पर बालाजी का अभिषेक किया

**झालावाड** (निसं)। दशहरा के पावन पर्व पर खेजड़ी बालाजी मन्दिर पर बालाजी की प्रतिमा पर गंगाजल से अभिषेक किया गया। श्री खेजड़ी के बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र गौड़ ने बताया कि दशहरा पर्व पर खेजड़ी बालाजी की प्रतिमा पर प्रात:काल गंगाजल से अभिषेक किया गय बालाजी का श्रृंगार किया गय। प्रात:काल से ही भक्तो का तांता लगा रहा। भक्तजनों ने मन्दिर पर बालाजी की प्रतिमा के सामन हनुमान चालीसा तथा सुन्दरकाण्ड का पाठ किया। मन्दिर परिसर में पिछले 5 वर्षो से जन सहयोग से अखण्ड रामायाणपाठ हो रहा है। मन्दिर पर महाआरती के पश्चात् प्रसाद का वितरण किया गया। मन्दिर पर विद्युत सजावट की गई। धार्मिक कार्यक्रम में समिति के ओम पाठक, कालूराम, प्रमोद शर्मा, मोहन सिंह, रमेश, राजेश, ललित, प्रदीप करण सिंह राठौड सहित समिति के पदाधिकारी और भक्तों ने भाग लिया।

### रावण दहन किया

**मांगरोल** (निसं)। यहां विजयादषमी के अवसर पर नगरपालिका द्वारा रावणजी के डोल पर बनाकर लगाए अहंकारी रावण के 35 फिट उंचे पुतले का दहन बुधवार को किया गया। इससे पहले भगवान के देव विमान के साथ गई पताकाओं के साथ जाकर पंडित राजेन्द्र मिश्रा व राज पुजारी ने रावण की समझाईष की नहीं मानने पर रावण के पुतले का भगवान की पताका से प्रतीकात्मक नाभिछेदन कर दहन किया गया। इससे पहले बजरंग व्यायाम षाला, महावीर व्यायाम षाला व मंगलेष्वर महादेव व्यायाम षाला के युवाओं द्वारा अखाड़े निकाले गए। अखाड़े में षामिल युवाओं ने कई प्रकार के हैरतअंगेज करतब दिखा अपनी कला का प्रदर्षन कियां। अखाडे के उस्तादों को साफे बंधवा सम्मान किया गया। इससे पहले नौ दिन से विभिन्न मंदिरों पर चल रही अखंड रामायण की पूर्णाहुति के दौर चले जो देर षाम तक चलते रहे। पूर्णाहुति के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### आर्य समाज ने मजदूरों को कपड़े बांटे

**कोटा**, (निसं)। आर्य समाज गरीब जरूरतमंदों की मदद करने मे अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के प्रधान अर्जुन देव चड्डा के नेतृत्व मे उप प्रतिनिधि सभा के वरिष्ठ मंत्री एडवोकेट चन्द्र मोहन कुशवाह, मंत्री लाल चन्द आर्य, कोषाध्यक्ष राधा बल्लभ राठौर, क्षेत्रपाल आर्य, नरेन्द्र आर्य, गोबरिया बावड़ी स्थित मजदूर मंडी पहुंचे। आर्य प्रतिनिधियों ने वहा उपस्थित मजदूर महिलाओं को सूट, पुरूषों को पेन्ट-शर्ट व बच्चों को टी-शर्ट वितरित की। कपड़े पाकर मजदूर महिला-पुरूषों ने कहा कि दशहरे के अवसर पर हमे अच्छे कपड़े मिल गए ये हमारे लिए खुशी की बात है। इस अवसर पर चड्डा ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हमारे सामर्थ अनुसार हमे पर्वों के अवसर पर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए।

# आईआईटी-एनआईटी प्रवेश प्रक्रिया, टॉप आईआईटी की लोअर ब्रांच को प्राथमिकता

■ तीसरे राउण्ड की क्वेरी का रेस्पोंस देने की अंतिम तिथि आज

**कोटा**, (निसं)। देश के आईआईटी-एनआईटी सहित 112 संस्थानों की ज्वाइंट काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। इस काउंसलिंग के तीसरे राउण्ड के सीट आवंटन के पश्चात ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान आई क्वेरी का रेस्पोंस करने की अंतिम तिथि आज शाम 5 बजे तक है। रेस्पोंस ना करने पर विद्यार्थी आगे की काउंसलिंग प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे। चौथे राउण्ड का सीट आवंटन 8 अक्टूबर को किया जाएगा।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि अब तक हुए राउण्ड के जारी किए गए आवंटित सीटों के अनुसार स्टूडेंट्स का रूझान शीर्ष सात आईआईटी की लोअर ब्रांच की तरफ ज्यादा देखने को मिल रहा है। स्टूडेंट्स ने टॉप आईआईटी बॉम्बे, दिल्ली, मद्रास, कानपुर, खडगपुर, रूड़की, गोवाहाटी की लोअर ब्रांच जैसे कैमिकल, एनर्जी इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग फिजिक्स, प्रोडक्शन एवं इण्डस्ट्रीयल, मटिरियल साइंस, मैटलर्जी, एयरोस्पेस, एनवायरमेंटल, बायोटेक्नोलॉजी, बायो इंजीनियरिंग, मैन्यूफैक्चरिंग, टेस्क्टाइल, ओशियन इंजीनियरिंग, माइनिंग, अर्थ साइंस, एग्रीकल्चर एण्ड फूड इंजीनियरिंग जैसी ब्रांचेंज को भी अन्य आईआईटी की कोर ब्रांचेज मुकाबले प्राथमिकता दी जा रही है। इन अन्य आईआईटी में आईआईटी बीएचयू, हैदराबाद, जोधपुर, रूपड़, मंडी, धनबाद, इंदौर, गांधीनगर जैसी वर्ष 2012 में स्थापित आईआईटी शामिल है।

स्टूडेंट्स केवल इन आईआईटी में कम्प्यूटर साइंस ब्रांच को ही प्राथमिकता देते हैं, इसके अतिरिक्त इनकी अन्य ब्रांचों को टॉप आईआईटी की लोअर ब्रांचेज के बाद ही प्राथमिकता देते हैं। इसके बाद वर्ष 2017-18 में खुली हुई आईआईटी जैसे आईआईटी जम्मू, भिलाई, गोवा, धारवाड़, तिरूपति, पल्लकड़ आईआईटी की कोर ब्रांचों को अंत में चुना जाता है। अमित आहूजा के अनुसार स्टूडेंट्स शुरुआती 8 हजार एआईआर तक टॉप-7 आईआईटी की कोर ब्रांच के अतिरिक्त लोअर ब्रांचेज को अन्य आईआईटी कोर ब्रांचों के मुकाबले अधिक प्राथमिकता इसीलिए देते हैं, क्योंकि टॉप 7 आईआईटी में प्रतिस्पर्धात्मक माहौल मिलता है, जिसके कारण विद्यार्थी अपना सर्वांगीण विकास कर पाते हैं।

आईआईटी में विद्यार्थियों को स्वयं की ब्रांच के अतिरिक्त माइनर के रूप में अन्य ब्रांचों को लेने का मौका भी मिलता है, जिससे स्टूडेंट्स माइनर में आमतौर पर कम्प्यूटर साइंस के सब्जेक्ट लेकर कोडिंग, प्रोग्रामिंग सीखकर अपनी प्रोफाइल को मजबूत बना लते हैं और ये आईआईटीज बड़ी प्लेसमेंट कंपनियों की भी प्राथमिकता में रहती हैं। इस कारण यहां के विद्यार्थी अच्छी कंपनियों में प्लेसमेंट प्राप्त करते हैं।

इन आईआईटी में जॉब प्लेसमेंट के लिए कंपनियां भी अन्य आईआईटी के मुकाबले में ज्यादा संख्या में आती है जो हर फिल्ड के बच्चों को प्लेसमेंट के लिए मौका देती है।आहूजा ने बताया कि टॉप-7 आईआईटी में स्टूडेंट्स के पास अपनी प्रथम वर्ष की परफोरमेंस के आधार पर ब्रांच चेंज करने का ऑप्शन भी उपलब्ध रहता है, जिससे कई विद्यार्थी दूसरे वर्ष में कोर ब्रांच तथा अच्छी ब्रांच में अपवर्ड हो जाते हैं। इसे देखते हुए ही विद्यार्थी टॉप-7 आईआईटी के ब्रांच के साथ कैम्पस को प्राथमिकता देते हुए लोअर ब्रांच में भी एडमिशन लेते हैं। आईआईटी बीएचयू में पहले सेमेस्टर के बाद ब्रांच चेंज का प्रावधान है।

# आरकेपुरम की रामलीला में मंचन देखने को भीड़ उमड़ी

■ रामलीला में मेघनाथ व कुंभकरण वध का मंचन हुआ

**कोटा**, (निसं)। रामलीला आयोजन समिति के तत्वावधान में आर.के.पुरम चल रही रामलीला के नवम दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमेन राजेश कृष्ण बिरला, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, अग्रवाल डायमण्ड ज्वेलर्स के संचालक ओम जैन आदि के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्जवलन कर आरती के साथ मंचन की शुरूआत की गई।

समिति अध्यक्ष योगेश विजयवर्गीय ने बताया कि रात रामलीला में अहिरावण, कुभकरण व मेघनाथ वध का संवाद हुआ जिसमें व्यासपीठ डॉ. हरिबल्लभ नीमोदा हरि ने बताया कि रावण अपने पुत्र मेघनाथ को युद्ध के लिए भेजता है, युद्ध के मैदान में लक्ष्मण व मेघनाथ के बीच भीषण होने लगा। मेघनाथ ने लक्ष्मण पर ब्रह-शक्ति बाण चलाया जिसके प्रहार से लक्ष्मण मूर्छित होकर गिर पड़े।

संजीवनी बूटी देने के बाद दोबारा लक्ष्मण व मेघनाथ के बीच युद्ध होता है।आदि लीला का शानदार मंचन किया गया। समिति अध्यक्ष योगेष विजयवर्गीय एवं संयोजक विष्णु पारेता ने बताया कि लीला में आये हुए लीला मंचन के मुख्य प्रायोजक लॉरेन्स एण्ड मेयो स्कूल के चेयरमेन प्रदीप गौड थे। तथा अतिथि के रूप में अतिथि नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमेन राजेश कृष्ण बिरला, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, अग्रवाल डायमण्ड ज्वेलर्स के संचालक ओम जैन, कोटा स्टोन मण्डी के पूर्व अध्यक्ष उतम अग्रवाल, गौतम समाज के अध्यक्ष आदि को रामलीला आयोजन समिति की ओर से संयोजक विष्णु पारेता, समिति अध्यक्ष योगेष विजयवर्गीय, संरक्षक दीपक नागर्र मांगीलाल पांचाल, पी.सी.मीणा, पी.पी.गुप्ता, देवीलाल गुर्जर, सहित पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया गया।

### वन्य जीव सप्ताह मनाया

**रामगंजमंडी**, (निसं)। ढाबादेह में बुधवार को वन्य जीव सप्ताह कार्यक्रम मनाया गया। ढाबादेह स्थित वन्य जीव कार्यालय पर वन्य जीव सप्ताह क्षेत्रीय वन अधिकारी संजय नागर के नेतृत्व में कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मोड़क थाना अधिकारी राजेंद्र मीणा, प्रधान प्रतिनिधि फौजी ओम प्रकाश मेघवाल, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शहीद भाई, जाहिद अहमद थे। कार्यक्रम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय तेलियाखेड़ी के प्रधानाध्यापक एवं बच्चे भी उपस्थित रहे।

# बूंदी महाराव ने विधि विधान से शस्त्र पूजन किया

**बूंदी** (निसं)। असत्य पर सत्य की जीत और अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व दशहरा पर्व पूरे देश में मनाया जा रहा है। इस दिन आज कई वर्षों से शस्त्रों की पूजा की परंपरा चली आ रही है।

इसी के तहत बुधवार को बूंदी महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने मोतीमहल मे विजयादशमी पर्व के पावन अवसर पर पूरी विधि विधान से शस्त्रों की पूजा की। महाराव राजा ने कहा कि दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य की जीत, अंधकार पर प्रकाश की जीत और अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है। यह पर्व हमें अपने अहंकार तथा बुराई को समाप्त कर अच्छाई तथा सत्य की राह पर चलने की सीख देता है। इसके साथ ही महाराव ने अपने शब्दों में नारी शक्ति को ही शुभ और शांति का आधार बताया है। उन्होंने बताया कि हमे श्री राम के चरित्र से प्रेरणा लेकर नारी के सम्मान की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए भगवान श्रीराम भी नारी सम्मान के रक्षक है। इसके साथ ही महाराव राजा ने समस्त बूंदीवासियों को विजयादशमी पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी।

## सार-समाचार

### चाइनीज मांझे से गर्दन कटी

**कोटा**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र राही देवू अपनी पत्नी के साथ स्कूटर से भाजपा कार्यालय से मीटिंग समाप्ति के पश्चात घर लौट रहे थे। रास्तों में गड्ढों से परेशानी न हो इसलिए नए बने गुमानपुरा पुल से स्कूटर पर गुजरते समय चाइनीज मांझा उनके गले में लिपट गया इससे उनकी गर्दन में काफी गहरा घाव हो गया, खून बहने लगा। इसके पश्चात सुधा हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उनका इलाज चला, वहां इलाज के बाद उनको आई सी यू में एडमिट भी करना पड़ा। चाइनीज मांझे की वजह से कई लोगों की जान भी जा चुकी है सरकार संवेदनशीलता को भुला चुकी है। मांझे का प्रयोग पूर्णतया बंद होना चाहिए, इसके लिए प्रशासन जब तक प्रयोग करने वालो पर कड़ी कार्यवाही नही करता ये घटनाएं आम लोगो को चोटिल एवं मौत के मुंह में डालती रहेगी। अभी भी प्रशासन के नाकों तले पुराने कोटा शहर एवं वर्तमान घटनास्थल के इर्द गिर्द चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाई जा रही है खुले आम चाइनीज मांझा का उपयोग हो रहा है। सरकार तथा प्रशासन को चायनीज मांझा बेचने वालों पर सख्त कार्यवाही की जरूरत है।

### प्रतिभाशाली बालिकाओं का सम्मान किया

**कोटा**, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा द्वारा रामनवमी का पर्व हर्ष के साथ 101 कन्याओं का पूजन एवं कन्या भोज के साथ मनाया गया। क्लब द्वारा नवरात्रि के अंतिम दिन राष्ट्रीय स्टार पर जूडो एवं कुश्ती में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं का भी सम्मान किया गया। क्लब अध्यक्ष वैशाली भार्गव ने बताया कि नवरात्र उत्सव नारी शक्ति का प्रतीक है। इसलिए क्लब ने रामनवमी के दिन 101 कन्याओं का पूजन कर उन्हें कन्या भोज करवाया गया। क्लब सचिव मुकेश व्यास ने बताया कि व्यायामशाला में आयोजित कार्यक्रम में क्लब द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर जूडो एवं कुश्ती खेल में भाग लेकर विजय होने वाली प्रतिभाशाली बालिकाओं को प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# विजयादशमी पर पथ संचलन निकाला

**बूंदी**,(निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस पर बुधवार को बूंदी नगर के स्वयंसेवकों द्वारा नवल सागर पार्क में विजयादशमी उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम सभी अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया । तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा व्यायाम योग सूर्य नमस्कार, आसन और दंड के विशेष प्रयोग किए गए। जिसमें घोष द्वारा शारीरिक प्रदर्शन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। मंच पर माननीय महेशपटवारी, नगर संघचालक और मुख्य वक्ता माननीय डॉक्टर भालचंदतेलंग चित्तौड़ प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विराजमान रहे। भालचंद जी ने अपने पाथेय में बताया कि सनातन काल से हिंदू समाज शस्त्र पूजन करता आया है। नवरात्रि के 9 दिन तपस्या के बाद ही हमें विजय प्राप्त हुई। विजय के लिए तपस्या आवश्यक है। इस प्रकार संघ में भी प्रत्येक स्वयंसेवकों में नित्य शाखा की तपस्या आवश्यक है। आज के दिन प्रत्येक हिंदू घर में शस्त्र पूजन होना चाहिए संघ का स्वयंसेवक व्यक्ति विशेष के लिए कार्य नहीं कर रहा है संगठन के लिए कार्य कर रहा है । हम सभी भारत माता का कार्य करें ऐसा विचार प्रत्येक के मन में होना चाहिए। हिंदू समाज एक संस्कारित, पारिवारिक भाव से जीने वाला समाज है। और वह अपने जीवन में अनुशासन रखते हुए अपने समाज का निर्माण करता है। 2025 में संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने वाले हैं इसे हेतु हमें भी देश और समाज में समर्पण के लिए तैयार रहते हुए जीवन का कुछ समय संगठन के लिए देना चाहिए और विजयादशमी के पर्व पर हमारी देव संस्कृति की विजय की कामना करना चाहिए।


सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

विकास के पथ पर सुगम सफर



अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री, राजस्थान

एल.आई.सी. भवन से सोडाला जंक्शन तक
एलिवेटेड रोड का लोकार्पण
लागत: 250 करोड़ रुपए | कुल लम्बाई: 4.6 कि.मी.

एवं

222 करोड़ की 6 परियोजनाओं
- राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर परिसर में गेस्ट हाउस निर्माण
- सांझरिया (संकल्प नगर) में 43 एमएलडी एसटीपी का निर्माण
- पृथ्वीराज नगर (उत्तर) हेतु 600-900 एमएम व्यास की मुख्य ट्रंक लाईन का कार्य
- पृथ्वीराज नगर (उत्तर) हेतु 1200 एमएम व्यास की मुख्य ट्रंक लाईन का कार्य
- वन्देमातरम रोड से मुहाना मण्डी रोड तक मास्टर ड्रेनेज का मुख्य कार्य
- लुनियावास से गोनेर रोड तक मास्टर ड्रेनेज का मुख्य कार्य

का शिलान्यास

श्री अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री, राजस्थान के
कर-कमलों द्वारा

श्री शान्ति धारीवाल
मंत्री, नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन विभाग, राजस्थान की
अध्यक्षता में किया जाएगा

दिनांक: 06 अक्टूबर, 2022 | समय: सायं 6.00 बजे | स्थान: कर भवन परिसर, जनपथ, जयपुर

इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण https://www.facebook.com/AshokGehlot.Rajasthan और https://www.youtube.com/user/GehlotAshok पर किया जाएगा।

जयपुर विकास प्राधिकरण

राजस्थान संवाद